राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर
मानद विश्वविद्यालय

परीक्षा हेतु सामान्य निर्देश

General Instructions for Test

1. परीक्षा केन्द्र पर नकल की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय किये गये हैं। परीक्षा में किसी भी प्रकार से नकल करने का प्रयास न करें। नकल करने के प्रयास में पकड़े जाने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के साथ आपकी परीक्षा निरस्त होने एवं संस्थान की आगे आयोजित होने वाली परीक्षाओं में भाग लेने से रोक लगने से आपका कैरियर समाप्त हो सकता है।
2. परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने के नियत समय से 1 घण्टे पूर्व अपनी उपस्थिति देवें ताकि तलाशी के उपरान्त आप समय पर परीक्षा–कक्ष में नियत स्थान पर बैठ सकें। स्क्रीनिंग टेस्ट प्रारंभ होने के नियत समय के पश्चात् किसी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
3. अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में बिना मास्क पहने प्रवेश नही दिया जायेगा। मास्क संस्थान की ओर से सुरक्षा परीक्षण के समय दिया जावेगा।
4. सभी अभ्यर्थियों का परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार पर थर्मली स्क्रीनड (Thermally Screened) किया जावेगा। यदि किसी अभ्यर्थी का तापमान 100 डिग्री से अधिक पाया जाता है एवं उसमें बुखार, ठण्ड, कफ आदि के लक्षण पाये जाते है तो उन्हे अलग कमरे में परीक्षा हेतु बैठाया जावेगा।
5. अभ्यर्थियों को सामाजिक दूरी के पालन के नियमो की अनुपालना करनी होगी एवं एक स्थान पर भीड करने अथवा समुह मे खडे रहने से बचना होगा। अभ्यर्थियों को अपने हाथों को सेनेटाईज करना होगा एवं कोविड –19 के समस्त नियमों का पालन करना होगा।
6. परीक्षा केन्द्र में फोटोयुक्त पहचान पत्र के आधार पर पहचान सुनिश्चित हो जाने एवं तलाशी के उपरान्त ही आपको प्रवेश दिया जावेगा। इस कार्य के लिए नियुक्त कार्मिकों को आप पूर्ण सहयोग दें। परीक्षा केन्द्र पर अपना प्रवेश–प़त्र, एक मूल फोटोयुक्त पहचान–पत्र यथा वोटर आई डी कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस आदि में से एक साथ लावें।
7. स्क्रीनिंग टेस्ट में ओ.एम.आर.शीट (O.M.R. Sheet) का प्रयोग किया जावेगा। O.M.R. Sheet में उत्तर एवं अन्य सूचनाएं अंकित करने हेतु अपने साथ नीले अथवा काले रंग की स्याही का पारदर्शी बॉल पेन लावें। इसके अलावा अन्य कोई सामग्री परीक्षा केन्द्र पर लाना निषिद्ध है।
8. परीक्षा केन्द्र में किसी भी तरह का सामान जैसे Mobile, Blue-Tooth Devices, Ear-Phone, E-Pen, E-Watch, Tabs, Spy-Camera, Camera, Calculator, Books, Notes, Purse, Hand-Bag, any Electronic Device आदि निषिद्ध हैं।
9. परीक्षा केन्द्र पर जूते, जुराब, जैकेट, कोट, शॅाल आदि पहन कर नही आवें, अन्यथा परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नही दिया जावेगा। आपकी पहचान जानने के लिए थोड़ी देर के लिए मास्क को उतारने के लिए कहा जा सकता है।
10. परीक्षा कक्ष में वार्तालाप पूर्णतया वर्जित है।

नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट www.nia.nic.in का नियमित रूप से अवलोकन करतें रहें ।